धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

बुधवार 19.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 60

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ




## स्पीड न्यूज

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की फरियाद

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के अलग अलग स्थानों से आए लोगों के जमीन विवादए पारिवारिक विवादए ऑनलाइन रसीदए स्वास्थ्य संबंधित मामलेए राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड मुआवजा नौकरी के नाम पर ठगी बिजली पानी सड़क आंगनबाड़ी सहायिका का उम्र सीमा में छूट देने से संबंधितए बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी आदि समस्याओं को जाना। संबंधित पदाधिकारियों से सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा लोगों की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

### दिव्यांग बच्चों की हुई स्वास्थ जांच

**धनबाद।** दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीएचसी सदर की डॉ अलका सिंह ने बच्चो के स्वास्थ्य की जांच की। सभी बच्चो को गर्मी में धूप से बचने की सलाह देते हुए पानी का ज्यादा सेवन की सलाह दी। जिससे डिहाइड्रेशन से बचाव किया जा सके। अधिक गर्मी में बच्चो को मौसमी फल का उपयोग करने के लिए कहा गया जिससे शरीर को सभी पोषक तत्व प्राप्त हो सके। संस्था की सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया की पहला कदम में दिव्यांग वच्चो के स्वास्थ्य की जांच हर माह की जाती है। उसके अनुरूप इनके खानपान की व्यवस्था की जाती है।

### कदमाहरा तालाब की घेराबंदी रोकने की मांग



**धनबाद।** टुण्डी प्रखंड के कदमाहरा तालाब की अवैध तरीके से हो रही घेराबंदी को लेकर गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि ने मंगलवार को जिला कृषि पदाधिकारी शिवकुमार राम से मुलाकात की। सांसद प्रतिनिधि भाष्कर ओझा एवं दिनेश कुमार राय ने बताया कि तालाब की सुनीता फाउंडेशन नामक संस्था द्वारा घेराबंदी की जा रही हैए जो कि पूरी तरह से गलत है। इस तालाब में छठ पूजा ए काली पूजा दुर्गा पूजा श्राद्ध कर्म के साथ अपने रोजमर्रा का काम करते है। इसकी घेराबंदी होंने से ये सारे काम रूक जायेंगे। हजारों लोगों के कामकाज पर असर पड़ेगा। पूर्व में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने तालाब के जीर्णोद्धार की मांग किये थेए लेकिन आज तक इसपर कोई विचार नहीं किया गया। उपयुक्त दोंनो मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की। जिसपर कृषि पदाधिकारी ने मामले की जांच कर समाधान की बात कही है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह विक्रम भारद्वाज नंदकिशोर सोनार ए कुंदन सिंह सुखदेव भगत आदि उपस्थित थे।

### कतरास के दो परिवार सकुशल लौट रहे हैं घर

**कतरास।** कंचन जंगा एक्सप्रेस में सवार कतरास के रहने वाले माइक्रो फाइनेंस कंपनी के निदेशक अनुज सिंह का परिवार एवं कतरास बाजार आदर्श नगर के रहने वाले माहुरी वैश्य मंडल के दिलीप गुप्ता का परिवार उक्त दुर्घटना में बाल बाल बचे तथा वे लोग सकुशल अपने घर कतरास लौट रहे हैंण ये लोग कंचनजंगा एक्सप्रेस में सवार थेण सभी कामख्या मंदिर दर्शन कर लौट रहे थेण तभी यह ट्रेन सुबह 8 बजे के करीब दुर्घटना ग्रस्त हो गयी।

## एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में हेवी ब्लास्टिंग से परेशानी को लेकर बैठक

# बीसीसीएल को सेफ माइनिंग कराने का डीसी ने दिया निर्देश

- कुजामा कोलियरी कांड में दोषियों पर कार्यवाई की कहीं बात
- घटना में कई घरों में गिरा था पत्थर, कर्मियों और आउटसोर्सिंग कर्मियों के बीच हुई थी झड़प

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** झरिया क्षेत्र के कुजामा कोलियरी की एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में हुए हैवी ब्लास्टिंग मामले को लेकर मंगलवार को समाहरणालय में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि सोमवार को हैवी ब्लास्टिंग के बाद मोहरीबांध के ग्रामीणों और आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों के बीच हुई झड़प निंदनीय है। इस घटना में तीन ग्रामीणों की घायल होंने तथा घटना स्थल पर फायरिंग की सूचना मिली है। कानून हाथ में लेने वालों को बख्सा नहीं जायेगी। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इस बात का ध्यान बीसीसीएल के पदाधिकारियों को रखने की जरूरत है। ब्लास्टिंग के लिए डीजीएमएस द्वारा तय किये गए नियमो का पालन कराना भी जरूरी है। समय.समय पर ब्लास्टिंग कार्यों का बीसीसीएल के वरीय पदाधिकारी भी निरीक्षण करें। ब्लास्टिंग की लगातार मॉनिटरिंग करें साथ ही वाइब्रेशन लेवल की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि किसी प्रकार की क्षति आम लोगों को न पहुंचे। उपायुक्त ने कहा कि ब्लास्टिंग के कारण घरों में दरार पड़ने एवं लोगों के घायल होने की शिकायते लगतार प्राप्त होते रहती हैं। इससे हर हाल में रोकने की जरूरत है। इससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है।

बैठक में बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह निदेशक कार्मिक एमके रमैया जीएम सुरक्षा अरुण कुमार खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर डीएसपी लॉ एंड आर्डर दीपक कुमार उपस्थित थे।

### हेवी ब्लास्टिंग से भारी मात्रा में पत्थर घरों पर गिरे थे

कुजामा आउटसोसिंग कंपनी में हैवी ब्लास्टिंग से भारी मात्रा में पत्थर और डस्ट पास के मोहरीबांध बस्ती के कई घरों और झरिया.बलियापुर रोड पर गिरा था। घटना के बाद हिंसक झड़प हुई थी। झरिया विधायक पूर्णिमा सिंहए ग्रामीणों के साथ चार घंटा धरना पर भी बैठी थी। इसके बाद सांसद ढुल्लू महतो ऽ पहुंचे थेए उन्होंने दोषियों की गिरफ्तारी होंने तक आउटसोर्सिंग का काम बंद रखने की चेतावनी दी थी। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह घायलों से मिलने मेडिकल अस्पताल पहुंची थी। प्रबंधन ओर पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था।

## हृदय नारायण सिंह हत्याकांड के 35 साल पुराने मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के एडीजे वन गोपाल पांडेय ने 35 साल पुराने गांवा थाना इलाके के डाबर गांव निवासी हृदय नारायण सिंह हत्याकांड मामले में मंगलवार को अपना फैसला सुनाया है। मामले में मुख्य आरोपी सुंदर महतो को धारा 302÷149 में आजीवन कारावास की सजा देने के साथ ही 20 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जबकि 2001 में 3 साल की सजा सुनाने के साथ 10 हजार का जुमार्ना लगाया और 449 में 10 साल की सजा सुनाने के साथ ही 10 हजार का जुमार्ना लगाया था। जुमार्ना नहीं देने पर एक साल का अतिरिक्त सजा आरोपी को काटना होगा। 35 साल पुराने हत्याकांड के इस फैसले पर एडीजे वन के कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी भी की है। बताया जाता है कि जिले के गांवा के डाबर गांव में 35 साल पहले जमीन विवाद में गांव के ही हृदय नारायण सिंह की हत्या सुंदर महतोए छोटन पासीए साधु पासीए सहदेव महतोए कांग्रेस महतो समेत अन्य आरोपियों ने साजिश कर 13 जुलाई 1989 को किया था। सभी आरोपियों ने गांव के एक कमरे में बंद करने के साथ ही हथियार का भय दिखाकर हृदय नारायण की गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतक की हत्या के बाद उसके पिता जोबराज सिंह ने 35 साल पहले गांवा थाना में केस दर्ज कराया। वहीं हत्याकांड के बाद सारे आरोपी फरार हो गए थे।

### अंतिम चार्जशीट आठ माह पहले कोर्ट में सौंपी

गांवा थाना पुलिस द्वारा इस हत्याकांड मामले में अंतिम चार्जशीट आठ माह पहले कोर्ट में सोंपी गई थी। इसके बाद एडीजे वन गोपाल पांडेय के कोर्ट ने कुछ आरोपियों को कुछ माह पहले ही सजा सुनाई थी। जबकि मंगलवार को हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त सुंदर महतो को सजा सुनाया है। इस केस में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दिगंबर मोहन सिन्हा ने बहस किया। जबकि अभियोजन की ओर से सरकारी वकील धनंजय दास बहस कर रहे थे।

## तोपचांची में अपराधी बेलगाम : भरे बाजार में दिनदहाड़े महिला से हजारों की छिनतई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** मंगलवार को तोपचांची थाना से करीब 500 मीटर दूर स्थित सुभाष चौक के समीप एक महिला से भरे बाजार में दिनदहाड़े 10 हजार रुपए की छिनतई की घटना ने आमजनों को दहशत में डाल दिया है। बाईक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दियाण भुक्तभोगी महिला सुनैना देवी ने बताया कि तोपचांची स्थित बैंक ऑफ इंडिया बैंक से 10 हजार रुपए निकासी कर घर जा रही थीण अचानक दो अपराधी काला रंग की बाइक में आ कर हाथ में रखे पर्स को लेकर फरार हो गयाण महिला ने बताया कि पर्स में 10 हजार रुपएए मोबाइल फोन व जरुरी कागजात थेण भुक्तभोगी महिला घटना के बाद तोपचांची थाना पहुंच कर मामले की जानकारी दीण भुक्तभोगी महिला मधुपुर अमालखोरी का रहनी वाली हैण महिला आंगनबाड़ी केंद्र में कार्य करती हैण खबर लिखे जाने तक महिला ने थाना में लिखित शिकायत नहीं दी थी।

### तोपचांची की जनता महफूज नहीं



लगातार तोपचांची क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ाने से ग्रामीणों में दहशत हैण अपराधी लगातार अपने मनसूबे में कामयाब हो रहे हैंण दिन हो या रात अपराधी लगातार अपने काले करतूतों को अंजाम दे रहे हैंण तोपचांची थाना से महज 500 मीटर दूर छिनतई की घटना को अंजाम देना अपराधियों का हौंसले बुलंद की और संकेत करते हैं।

### बैंक के सीसीटीवी में कैद हुए हैं अपराधी

छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले दोनों अपराधी बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। दोनों अपराधी बैंक में मौजूद थेण बैंक से ही भुक्तभोगी महिला का पीछा कर रहे थेण भुक्तभोगी महिला ने सीसीटीवी कैमरे के कैद अपराधियों का शिनाख्त कर लिया हैण पुलिस सीसीटीवी फुटेज व महिला के बयान के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी अपराधियों को गिफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच घायल एक की मौत

**धनबाद।** बकरीद का पर्व मनाकर अपने गांव जमुई से रानीगंज लौट रहे एक ही परिवार के बच्चे समेत पांच लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जबकि एक महिला की मौत हो गई। दुर्घटना टुंडी रोड पर घटी। घायलों में मोण आलम मल्लिकए महमूद आलम और एक बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए एसएनएमएमसीएच से दुगार्पुर रेफर कर दिया गया। वही दो बच्चे खतरे से बाहर हैं उन्हें इस दुर्घटना में आंशिक चोटे आई हैं। मृतका तहरिम मल्लिक मोण आलम मल्लिक की पत्नी थीं। घटना की सूचना पाकर आनन.फानन में परिजन एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे। जहा परिजनों ने बताया कि मोण आलम मल्लिक अपनी पत्नी और तीन बच्चों के अलावे परिवार के ही सदस्य महमूद आलम के साथ अपनी कार से जमुई से रानीगंज लौट रहे थे।

# गिरिडीह में दो अलग-अलग सड़क हादसे में एक की मौत, छह घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** मंगलवार की सुबह जिले में हुई दो अलग.अलग सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल बताए जा जा रहे है। गांवा थाना इलाके के सतगांवा के मलहत में सवारियों से भरे यात्री वाहन का संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन ने सड़क किनारे पलटी मार दिया। इसमें एक यात्री की मौत मौके पर ही हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तिसरी थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और घायलों का अस्पताल भेजने के साथ ही मामले की जांच में जुट गई। दूसरी घटना तिसरी थाना क्षेत्र के खिजुरी मोड़ के पास हुई। जहां अहले सुबह एक चार पहिया वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह एक पेड़ से टकरा गया। जिससे वाहन में सवार आठ लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी शामिल है। जानाकारी के अनुसार तिसरी के सिंधो के धोवापाट निवासी दिलीप यादव अपने परिवार के साथ झारखंड धाम में निर्जला एकादशी को लेकर आयोजित मेला में पूजा कर लौट रहे थे। इसी दौरान दिलीप यादव का वेगानार गाड़ी का संतुलन बिगड़ाए और वो एक पेड़ से टकरा गया। जिससे वाहन चला रहे दिलीप यादव की छाती में गंभीर चोट लगीए पुत्र अभिषेक कुमार 10 वर्ष दाहिना पैर टूट गया। वहीं मां सरस्वती देवी का बायां हाथ पैर टूट गया। चाचा बुधन यादव 60 वर्ष का माथा फट गया। जबकि चाची सिला देवी का जबड़ा टूट गया। घटना के जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउतए संजय यादव कपील यादव नितेश कुमार सहित कई स्वजन अस्पताल पहुंच त्वरित सभी घायलों को निजी वाहन से बेहतर इलाज हेतु गिरिडीह ले गए।

## 55 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे जयराम महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छात्र राजनीति के जरिए झारखंड की राजनीति में खास पहचान बनाने वाले जयराम महतो आगामी विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। रांची के ऑक्सीजन पार्क में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सवर्ण उम्मीदवार भी उतारे जाएंगे, जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र पर पार्टी का ध्यान है। इस बार प्रत्याशी नहीं मिल पाने से लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी नहीं दिया गया। मगर विधानसभा चुनाव में जरूर संथाल क्षेत्र में प्रत्याशी उतारे जायेंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की जनता से मिले समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम करेगी।

# मूसलाधार बारिश के बाद कोयलांचल का मौसम सुहाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** एक पखबारे से बरस रही आग के बाद आज देर शाम कोयलांचल का मौसम कूल कूल हो गया। मंगलवार की रात 7रू30 बजे तेज हवाए गर्जन के साथ मूसलाधार बारिश हुई। करीब एक घंटे तक हुई राहत की इस बारिश ने हर किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दिया। कुछ लोग आपस में कहते नजर आए काश हर दिन ऐसी शाम होती। वहीं सड़कए गली.मुहल्लों में कुछ देर के लिए जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोगों का कहना था कि निगम की ओर से नाली की सफाई देर से शुरू हुई हैए इसलिए ऐसी स्थिति बनी है। कई जगह तो नाली की गंदगी निकालकर सड़क पर रखी दी जा रही हैए बारिश होंने पर वहीं गंदगी बहकर फिर से नाली में प्रवेश कर गई है। जिसके कारण भी जल जमाव की समस्या उत्पन्न हुई है। दूसरी ओर तेज हवा के कारण कई पेड़ की डाली में सड़क पर गिर गईए



जिसके कारण कुछ स्थानों पर आवामन बाधित रहा। बिजली भी देर से पहुंची। अगले तीन.चार दिनों तक बारिश के कारण तापमान में 3 से 4 डिग्री कमी देखने को मिलेगी। उमस भरी गर्मी से भी राहत मिलने के आसार है। मानसून सक्रिय हुआ तो आगे चलकर तापमान में और अधिक गिरावट देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर लगातार गर्मी झेल रहे लोगों के लिए आने वाला दिन सकून भरा रहने वाला है।

### 19 से 22 तक बारिश

मौसम वैज्ञानिक अभीषेक आनंद ने बताया कि उत्तर.पूर्व आसाम से बंगाल की खाड़ी तक एक साईक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। तेज हवा के कारण इसका असर धनबाद सहित राज्य के कई हिस्सों में देखने को मिल रहा है। 19 से 22 जून तक यह झारखंड के ज्यादातर हिस्सों को कवर करेगा। इसके अलावा मानसून भी अगले 3 .4 दिनों में झारखंड में प्रवेश कर जायेगा। इन दोंनो का मिश्रण देखने को मिलेगा। हवा की रफ्तार भी 30 से 40 प्रतिघंटा देखने को मिलेगी। कहीं कहीं हवा की रफ्तार 50 भी रहने वाली है।

# लिंग परीक्षण को लेकर सख्त हुआ प्रशासन

- अल्ट्रासाउंड केंद्रो का औचक निरीक्षण का डीसी का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** जिले के अल्ट्रासाउंड केंद्रो में लिंग परीक्षण की मिल रही शिकायतों को देखते हुए उपायुक्त माधवी मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला सलाहकार समिति ;पीसी एंड पीएनडीटी एक्टद्धकी हुई बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने उपयुक्त निदेश दिया । उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में लिंग परीक्षण रोकना फॉर्म एफ का काम है। इसलिए अल्ट्रासाउंड जांच घरों में फॉर्म एफ जमा करना जरूरी है। मरीज की तमाम जानकारी अल्ट्रासाउंड मशीन में भी अपलोड करनी है। अल्ट्रासाउंड जांच करने वाली गर्भवती महिला का नामए पता और उसका मोबाइल नंबर दर्ज करना है। किस डॉक्टर की पर्ची पर वह अल्ट्रासाउंड जांच करने आई है इसे भी संलग्न करना है। इसके साथ ही एक रेडियोलॉजिस्ट को दो अल्ट्रा जांच घरों में बैठने की अनुमति है। इन सभी विषयों की जांच करनी है। गड़बड़ी मिलने पर केंद्रों पर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत करवाई की जाएगी। बैठक में जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र ठाकुर डॉक्टर विकास कुमार राणाए आरके श्रीवास्तव व अन्य चिकित्सा कर्मी एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### जांच घरों में एसओपी का पालन जरूरी

उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों में जांच के दौरान फायर सेफ्टीए भवनों के नक्शे की जांचए रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूवल की जांच करने सहित एसओपी का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। अल्ट्रासाउंड केंद्रों के अपग्रडे हेतु प्राप्त आवेदनों समेत गैर पंजीकृत केंद्रों पर रोक लगानेए एनजीओ द्वारा प्रचार .प्रसारए सरकारी संस्थानों में अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित करने की बात कही।

### पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट पालन जरूरी

सिविल सर्जन डॉण चंद्रभानु प्रताप ने बताया कि पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के तहत नियमों का पालन किया जा रहा है। समय पर जो जांच घर फॉर्म एफ जमा नहीं करेंगेए इन पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सभी सेन्टर पे रेडियोलाजिस्ट÷ सोनोलॉजिस्ट अपने अपने सेंटर पर अपना समय और किस दिन सेवा दे रहे उसे लिख कर प्रदर्शित करेंगे। जो भी सेन्टर में इंस्पेक्शन में ये नही पाए जाएंगे उनके उनपर कार्यवाई की जायेगी एक्ट को लेकर जिले के सभ अल्ट्रासाउंड जांच घरों को हर महीने की 5 तारीख को फॉर्म एफ जमा करने का निर्देश दिया गया है। फॉर्म जमा नहीं करने वाले जांच घरों को चिह्नित करके कार्रवाई की जाएगी।

## धनबाद के बरटांड़ बस स्टैंड में खुला सहायता केन्द्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बरटांड बस स्टैंड में सहायता केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय तक आवागमन को सुलभ बनाने के लिए यह योजना शुरू की गई है। इसमें वरिष्ठ नागरिकए छात्र.छात्राए विधवाए पेंशन पा रही महिलाए मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारीए दिव्यांग बस से निशुल्क यात्रा कर पाएंगे। इसी के प्रचार प्रसार के लिए सहायता केंद्र खोला गया हैए जहां लोगों को पूरी जानकारी मिलेगी। इसके अलावा आज जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।

### पांच रूट पर मिलेगी निरूशुल्क सेवा

बीआईटी सिंदरी से पंचेत वाया बलियापुरए गोविंदपुरए निरसाए मुगमा मोड़ए चिरकुंडाए धनबाद से सिमुलदोने वाया बाईपास गोल बिल्डिंगए गोविंदपुरए निरसाए मुगमा मोड़ए चिरकुंडाए कोल्हर मोड़ से चिरकुंडा वाया मनियाडीह थानाए तिलैया रंगाटांडए राजगंजए बड़वड्डाए धनबाद स्टेशनए बाटा मोड़ झरियाए बलियापुरए कलियासोलए पतलाबाड़ी मोड़ए झरिया 4 नंबर से चंद्रपुरा ;बोकारोद्ध वाया धनबादए मेमको मोड़ए काको मठ मोड़ए राहुल चौकए बाघमाराए टी मोड़ तथा सर्रा से धनबाद वाया मछियाराए मनियाडीहए तिलैया रंगाटाड रूट पर बस मिलेगी।

## विशेष अभियान चलाकर रेलवे ने वसूला 3.27 लाख जुमार्ना



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बिना टिकट या वैध टिकट लेकर ट्रेनों में नहीं चलने वाले यात्रियों के खिलाफ रेलवे ने विशेष जांच अभियान चलाया। धनबाद रेल मंडल से गुजरने वाली पटना-रांची जनशताब्दी, हावड़ा-मुंबई मेल, पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, धनबाद-एल्लेपी एक्सप्रेस, गया-हावड़ा एक्सप्रेस, जयनगर-एलटीटी पवन एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जाँच की गयी। इन वातानुकूलित श्रेणी के कोचों की जांच में कुल 450 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्ने के रूप में 03 लाख 15 हजार रुपए वसूले गए। इसके साथ ही सड्डी पैसेंजर ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में ड्डी विशेष टिकट जाँच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया।यह विशेष टिकट जाँच अभियान पूरे दिन चला। इस जाँच अभियान में कुल 12 हजार 500 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया।

# कतरासगढ़ स्टेशन में दशकों पुराने वृक्ष को काटा

## पर्यावरण संरक्षा का खुल्ला उल्लंघन,डी आर एम से मिलकर करेंगे कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** एक तरफ पर्यावरण की रक्षा को लेकर देश भर में अनेकों योजनाएं चलायी जा रही है वहीं जिले के कतरास गढ़ स्टेशन में वर्षो से लगे विशालकाय पेड़ों को आधुनिकता का रूप देने के नामपर बलि चढ़ा दी गई। अमृत भारत योजना के तहत 26.90 करोड़ रुपये की लागत से कतरासगढ़ स्टेशन का सौदर्यीकरण किया जा रहा है। योजना के तहत कतरासगढ़ स्टेशन को आधुनिकतम रूप देने के लिए परिसर में कार्य कराया जा रहा है. योजना के अनुरूप कार्य के लिए स्टेशन परिसर में लगे कई वृक्षों (पेड़ों)को काट दिया गया. बताते हैं स्टेशन परिसर में लगे वृक्षों को काटे जाने की सूचना मिलने पर रेल आंदोलनकारियों की टीम मंगलवार के दिन कतरासगढ़ स्टेशन पहुंची तथा स्टेशन परिसर में चल रहे



कार्यों तथा पेड़ों को काटे जाने के स्थल की जांच की। रेल आंदोलनकारी सह पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बताया कि इस भीषण गर्मी से त्रस्त होकर गर्मी से निजात पाने के लिए ट्रेनों से उतरने एवं चढ़ने वाले यात्री तथा आसपास के लोग पेड़ों की छाया की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं।परन्तु कतरासगढ़ स्टेशन परिसर में उक्त योजना के तहत रेल ठीका कंपनी द्वारा स्टेशन परिसर में लगे दर्जन भर से अधिक पेड़ों को काटकर गिरा दिया गया। जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री झा ने बताया की स्टेशन के मुख्य द्वार के ठीक सामने में बरगद व पीपल का विशाल वृक्ष था. उसे भी काटकर उसका नामों निशान मिटा दिया गया. श्री झा ने कहा की योजना के तहत सौन्दरीयकरण का अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है कार्य की कच्छप गति चल रही है परन्तु प्रारम्भ में ही स्टेशन परिसर में लगे वृक्षों को काट दिया गया. श्री झा ने कहा कि इन वृक्षों को किनके आदेश पर काटा गया. क्या वन विभाग से इसकी अनुमति ली गई. उन्होंने कहा की यदि वृक्षों को बिना अनुमति के काटा गया तो इसके लिए दोषी ठीकेदार पर कानून सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने कहा की पेड़ काटना मानव हत्या के बराबर है. पेड़ को बचा कर भी कार्य किया जा सकता था. या फिर अनुमति मिलने पर गर्मी पार होने क बाद भी पेड़ को काट कर काम किया जा सकता था. उन्होंने रेल विभाग से मांग की है कि कतरासगढ़ स्टेशन पर चल रहे कार्यों का रेलवे निगरानी करें. अन्यथा यहां कार्य में कोताही, लापरवाही देखा जा रहा है. कतरासगढ़ स्टेशन पर बन रहे नाला पर पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है. जिससे यह नाला समय से पहले खराब हो जायेगा। विभिन्न रेल मुद्दो को लेकर रेल आंदोलनकारी जल्द ही धनबाद डीआरएम से मिलेंगे तथा इस संदर्भ में उचित निर्णय लेने की मांग करेंगे. मौके पर उमेश ऋषि ने कहा कि पेड़ कटाई से संबंधित मामले को लेकर वन विभाग के अधिकारियों से मिलेंगे. इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद राजा, उमेश ऋषि, गौतम मंडल, नरेश दास, परवेज इकबाल लोग उपस्थित थे।

### हरे भरे कई विशाल पेड़ों को काट दिया गया : विजय झा

कतरासगढ़ स्टेशन का सौदर्यीकरण किया जा रहा है। इस दौरान स्टेशन परिसर की कई पेड़ो (वृक्ष) को काट कर दिया । पेड़ किसके आदेश पर काटा गया, क्या वन विभाग से अनुमति लेडर पेड़ काटा गया ? अगर अनुमति नही लिया तो ठीकेदार पर मुकदमा होना चाहिए। पेड़ काटना मानव हत्या के बराबर है। पेड़ को बचा कर भी कार्य किया जा सकता था।

स्पीड न्यूज

### तोपचांची में फोर व्हीलर को पिकअप वैन ने ठोका

**तोपचांची ।** मंगलवार को तोपचांची थाना क्षेत्र के तोपचांची बाजार स्थित सुभाष चौक के समीप फोर व्हीलर को पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दिया. टक्कर में फोर व्हीलर का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हालांकि घटना में हताहत की कोई खबर नहीं है. फोर व्हीलर सवार युवकों को हल्की-फुल्की चोट आई है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फोर व्हीलर नेशनल हाईवे को पार कार गोमो की ओर जा रही थी राजगंज दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वैन को जोरदार टक्कर मार दिया. घटना की सूचना मिलते ही तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दोनो वाहनों को जब्त कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

### रंजय हत्याकांड में अनुसंधानकर्ता का बयान दर्ज

**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह का करीबी माना जाने वाला रंजय सिंह हत्याकांड में मंगलवार को अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी गवाही हेतू अदालत में हाजिर हुए। बीते तीन तारीखों से वह हाजिर नहीं हो रहे थे ।आज बचाव पक्ष द्वारा उनका प्रति परीक्षण किया गया । हालांकि समय अभाव के कारण आज भी उनका प्रति परीक्षण पूरा नहीं किया जा सका अदालत ने प्रति परीक्षण के लिए बुधवार की तारीख निर्धारित की है। इसके पूर्व

31 मई को समयाभाव के कारण उनका प्रति परीक्षण पूरा नहीं हो पाया था अदालत ने अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी ।

### अज्ञात कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



**तोपचांची।** मंगलवार को हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलखोरी स्थित नेशनल हाईवे में अज्ञात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल में मृत्यु हो गई. घटना के बाद घटनास्थल से तेज रफ्तार कार भागने में सफल रहा. मृतक युवक का शिनाख्त डुमरी थाना क्षेत्र के मंगलू हाट निवासी सुरेश सिंह के रुप में हुआ है. घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर थाना पुलिस घटनास्थल में पहुंच कर जांच-पड़ताल में जुट गई हैं।

## श्मशान घाट बचाने को भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व मुखिया

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के महामाया मंदिर के समीप पुसोई नदी के किनारे स्थित श्मशान घाट को बचाने तथा उसके सौंदर्यीकरण को लेकर पांड्रा पश्चिम पंचायत के पूर्व मुखिया रोविन धीवर ने मंगलवार को झारखंड ग्रामीण उन्नयन समिति के बैनर तले निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर में अनिश्चितकाल भूख हड़ताल पर बैठे गए हैं। भूख हड़ताल पर बैठने के पूर्व मुखिया रोविन धीवर अपने समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे। उसके बाद वे भूख हड़ताल पर बैठ गए। उनके समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर उनकी हौसला अफजाई की। बीडीओ इंद्रलाल ओहदार ने उनसे वार्ता कर उन्हें आश्वासन दिया कि वरीय पदाधिकारी से बातकर समस्या का समाधान करवायेंगे तथा भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया। परंतु रोविन धीवर वे उनके समर्थक नहीं माने।



इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व मुखिया रोविन धीवर ने बताया कि श्मशान घाट को बचाने तथा उसके सौंदर्यीकरण के लिए फरवरी 2023 से सांसद एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों से पत्राचार कर रहे हैं, परंतु उस पर अभी तक कोई अमल नहीं हुआ है। पूर्व सांसद ने डीएमएफटी फंड से शमशान घाट के सौंदर्यीकरण करवाने को लेकर जिला के अधिकारियों को पत्र भी लिखा। उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन यह कदम उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त श्मशान घाट में पांड्रा पुरब, पांड्रा पश्चिम, खुशरी, उपचुरिया पंचायत के लोग वर्षों से अपने सगे संबंधियों का अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं। मौके पर समिति के सचिव सुकुमार तिवारी, बीरबल रवानी, तपन मालाकार, मधुसूदन रवानी, आकुल धीवर, कल्याणी रवानी, शांत्वाना देवी, गीत बाउरी, ज्योत्सना धीवर, सुनीता बल, अता बाउरी, संदीप रवानी, गोपी रवानी, राकेश रवानी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## बस सेवा शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष

**कुमारधुबी।** डीवीसी रघुनाथपुर थर्मल प्लांट के कर्मचारियों सहित अन्य ग्रामीणों की सुविधा के लिये कामगर संघ के महासचिव पुष्पेंजित दास ने बंगाल के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती व शोभनदेब चट्टोपाध्याय , विधायक सह अध्यक्ष, डीवीसी कामगार संघ ( आईएनटीटीयूसी )को लिख कर पुरुलिया - से आरटीपीएस आसनसोल -कोलकाता बस सेवा की शुरूआत करने की मांग की थी। जिसे परिवहन मंत्री के द्वारा मांग पूरा करने पर डीवीसी कर्मियों ने खुशी जाहिर की है।यूनियन के महासचिव पुष्पेंजित दास ने परिवहन मंत्री को पत्र देकर मांग की थी कि 6002 मेगावाट वाले थर्मल प्लांट में करीब 500 मजदूरों के साथ 1000 ठेका व अन्य कर्मचारी काम करते है। मुख्य सड़क से 6 किलोमीटर दूर रहने के कारण लोगों को असुविधा होती है। यदि बसें परियोजना के मुख्य गेट से चले तो कर्मियों के साथ ग्रामीणों को भी फायदा होगा। परिवहन मंत्री ने मांग को स्वीकार करते हुए बस सेवा जारी कर दिया। वही आरटीपीएस प्रबंधन बसों के खड़े रखने के निर्धारित स्थान के लिये शेड भी बनाने का आश्वासन दिया है। इसको लेकर आरटीपीएस के शाखा सचिव पुष्पेन महतो ने भी खुशी जाहिर किया है।



### ट्रेक्टर असंतुलित होकर तालाब में गिरा



**कतरास ।** कतरास थाना क्षेत्र के श्यामडीह पेट्रोल पंप के समीप स्थित तालाब में एक ट्रेक्टर असंतुलित होकर जा गिरा. दुर्घटना के पश्चात चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग निकला. ट्रेक्टर चालक को चोट लगने की खबर है यह घटना सोमवार की देर शाम की बताई जाती है. घटना की सूचना मिलने पर कतरास पुलिस मौके पर पहुँची तथा दुर्घटनाग्रस्त ट्रेक्टर को किरान से ऊपर खींचा तथा अपने कब्जे में लिया. इस संबंध में कतरास थाना प्रभारी असित सिंह ने बताया कि उक्त दुर्घटनाग्रस्त ट्रेक्टर के संबंध में आवश्यक छान बीन कर उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### पत्रकार पुत्र की पुण्यतिथि पर कुष्ठ अस्पताल में राशन व फल का वितरण



**कतरास।** पत्रकार मधुसूदन वर्मा के दिवंगत पुत्र निखिल कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर तेतुलमारी कुष्ट अस्पताल में कुष्ठ रोगियों के बीच सूखा राशन एवं फल का वितरण किया गया. मोके पर मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद महतो, किसान मोर्चा के बाघमारा प्रखंड के अध्यक्ष प्रफुल मंडल, पिताम्बर महतो, चमटु महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## प्रजापति कुम्हार संगठनों को एक मंच पर लाने का निर्णय

### संगठन की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** झारखंड समेत देशभर में संचालित विभिन्न प्रजापति कुम्हार संगठनों को एक मंच पर लाया जाएगा। समाज के प्रतिभाशाली जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक मदद, आपदाग्रस्त, बीमार एवं असहाय परिवारों को मदद शुरू कर दी गई है। इसे और आगे बढ़ाया जाएगा । उक्त निर्णय मंगलवार को लाल बंगला में भारतीय प्रजापति हीरोज ऑगेर्नाइजेशन की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में लिया गया। मौके पर विशेष रूप से उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश कुमार एवं रामरंजन प्रजापति ने देश भर के कुम्हारो से एक मंच पर आने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्रीय और राज्य स्तर से ऊपर उठकर हम सभी को पूरे भारतवर्ष को एक संगठन देना है। प्रांतीय अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि संगठन ने रांची में 3.50 एकड़ जमीन खरीदी है इस पर कार्यालय और छात्रावास बनाया जाएगा। इस संगठन की शुरूआत गुजरात की सूरत शहर से हुई है। समाज को इसका लाभ यह हो रहा है कि देशभर में कहीं भी प्रजापति समाज का कोई सदस्य मुसीबत में पड़ जाता है तो वहां की इकाई उन्हें मदद करती है । प्रवासी मजदूरों को मदद की थी । राज्यों के अलावा नेपाल के नेपाली प्रजापति संघ से भी इसका तालमेल है और नेपाल में भी प्रजापति समाज के लोगों को मदद मिल जाती है। गिरिडीह के जगरनाथ पंडित ने समाज के लिए 80 डिसमिल जमीन देने की घोषणा की। बैठक में झारखंड के सभी जिलों में संगठन का विस्तार करने का प्रस्ताव पारित किया महिला शिक्षा पर जोर दिया गया ।

## बीआईटी सिंदरी के कर्मी का पुत्र दामोदर में डूबा

**सिंदरी ।** गौशाला ओपी अंतर्गत बीआईटी सिंदरी के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी बिजय कुमार रजक का 18 वर्षीय इकलौता पुत्र जन्मेजय राज दामोदर नदी के टासरा घाट में डूबने का मामला मंगलवार को शाम साढ़े 5 बझे प्रकाश में आया है। बार्डर को लेकर गौशाला ओपी पुलिस और भोजुडीह ओपी पुलिस ने युवक को स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजने की कोशिश की। परंतु वे असफल रहे। घटना के संदर्भ में गौशाला ओपी अंतर्गत अंबेडकर कालोनी निवासी गणेश राय के पुत्र आदित्य ने बताया कि वे लोग तीन दोस्त गर्मी से परेशान होकर दामोदर नदी नहाने आए थे। इनमें जन्मेजय राज, केडी कालोनी का संदीप कुमार और आदित्य मौजूद थे। आदित्य ने बताया कि



जन्मेजय कमर भर पानी की तलाश में गहरे पानी तक ले गया। वहाँ आदित्य और जन्मेजय पानी में डूबने लगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय युवक ने किसी तरह मुझे बचाया और जन्मेजय डूब गया। तबतक संदीप अपने पिता को बुलाकर घर वापस लौट गया। देर शाम हो जाने के कारण भोजुडीह ओपी पुलिस युवक को खोजने के लिए गोताखोरों की व्यवस्था कर रही है। जन्मेजय जेई मेंस की तैयारी कर रहा था। घटनास्थल पर पहुँचे माता पिता और बहन का रो रोकर बुरा हाल है। भोजुडीह ओपी प्रभारी फिलिप मिंज ने बताया कि युवक को खोजने के लिए गोताखोरों की व्यवस्था की जा रही है।

### जैक इंटर कॉमर्स की जिला टॉपर को विधायक ने किया सम्मानित



**धनबाद।** सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने इंटर टॉपर जैनब फातिमा के घर जाकर उपहार भेट किया। सहयोग राशि देकर हौसला अफजाई की। विधायक ने जैनब को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया तथा यथासंभव मदद का भरोसा दिया। ईदगाह मोहल्ला, पाथरडीह, निवासी जैनब फातिमा ने डीएवी प्लस 2 हाईस्कूल से कॉमर्स में 459 अंक (91.8 %) प्राप्त कर जिला टॉप किया था। जैनब के पिता मो जावेद अंसारी मुंबई में काम करते है तथा उसकी माता का देहांत कोरोना काल मे हो गया था। जैनब का पालन-पोषण नाना अख्तर हुसैन व नानी आजमत नौशाबा करते हैं। उसके बाद विधायक ने ईदगाह मोहल्ला स्थित कॉंग्रेस कार्यालय में ग्रामीणों संग बैठक की। बैठक में ईदगाह मोहल्ला और लोको बाजार के निवासियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की और सभी समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर उमाशंकर शाही, सूरज सिंह, अभीषेक सिंह, मृणालकांत सिंह, अब्दुल हई, मौजम वारसी, शंकर प्रसाद, मो जिशान, अकबर अली, मो सरफराज, मो रेहान, मो सोहेल, माया देवी, मो रियाज, हुस्न आरा, मो अब्दुल सत्तार एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सफेद हाथी बनकर रह गया सिंदरी में निगम का पार्क

### सवा तीन करोड़ की लागत से बना हैं पार्क, सिंदरी सहित धनबादवासियों को कोई लाभ नहीं

राहुल पाण्डेय

**सिंदरी ।** लगभग सवा 3 करोड़ रुपए की लागत से सिंदरी में पाँच माह पहले बनकर तैयार धनबाद नगर निगम का अतिसुंदर पार्क सफेद हाँथी बनकर रह गया है। इसमें बच्चों के खेलने की सुविधाएं हैं, उद्घाटन के बाद से बच्चों का प्रवेश वर्जित है। नवनिर्मित पार्क सिंदरीवासियों के काम नहीं आकर प्रेमी जोड़ों के लिए रमणीय स्थल बन गया है। एफसीआईएल सिंदरी की धरातल पर बने धनबाद नगर निगम के पार्क का उद्घाटन झारखंड



सरकार द्वारा किया जा चुका है। परंतु साज सज्जा से लैस इस पार्क को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इसमें एक तरफ फुटबॉल ग्राउंड तो दूसरी तरफ लोगों के बैठने और बच्चों के खेलने के सामान लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाँच महीने पहले इसका निर्माण कार्य समाप्त हो चुका है। परंतु इसे खोला नहीं जा रहा है और सामानों की बबार्दी के साथ ही पार्क में लगी विद्युत व्यवस्था सुंदर तो लग रही है। परंतु इसकी दूधिया रौशनी का फायदा कोई नहीं उठा पा रहा है और लाखों की बिजली बिल बकाया राशि के रुप में जमा हो रही है।

**पाँच माह पहले सौंपा गया निगम को**

सिंदरी में नवनिर्मित पार्क का निर्माण कार्य करने वाले संवेदक प्रताप डेवलपर्स के संचालक ने बताया कि इस पार्क को पाँच महीने पहले बनाकर नगर निगम को सौंप दिया गया है। नवनिर्मित पार्क का काम खत्म कर के निगम को सौंप हैं। उसके बाद भी इसका नहीं खुलना रहस्यमय है।

### संवेदक को नहीं मिला पैसा तो कैसे खुलेगा पार्क

धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि इसका उद्घाटन झारखंड सरकार द्वारा किया जा चुका है। परंतु पार्क के खुलने में कुछ अड़चने हैं। उन्होंने बताया कि अभी संवेदक को पूरी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। नतीजा है निगम का यह पार्क करोड़ों रुपए का सफेद हाँथी बनकर रह गया है।

### त्यौहार में भी गोविंदपुर में दो दिनों से जलापूर्ति ठप

**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर पूर्वी, गोविंदपुर पश्चिमी एवं अमरपुर पंचायत में पिछले दो दिनों से जलापूर्ति ठप है। उपभोक्ताओं को बकरीद में भी पानी नसीब नहीं हुआ। इस भीषण गर्मी में पानी के लिए त्राहिमाम की स्थिति है । बताया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गोविंदपुर अवर प्रमंडल परिसर स्थित 200 एमएम के वाल्व एवं टी सॉकेट के पानी के अंदर सड जाने के कारण जलापूर्ति ठप हो गई है। बताया जाता है कि भेलाटांड़ से गोविंदपुर पानी आ रहा है परंतु यहां से आपूर्ति व्यवस्था ठप हो गई है। दो दिनों से जलापूर्ति ठप रहने के बाद मंगलवार को गोविंदपुर पश्चिम की मुखिया ममता देवी पंचायत समिति सदस्य रिजवान अंसारी नागरिक समिति के संयुक्त सचिव अनूप साहू बीरेंद्र रजक, पप्पू विश्वकर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा, जयजीत मुखर्जी आदि पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल परिसर पहुंचे । मुखिया ममता देवी ने कार्यपालक अभियंता जेसन हीरो एवं सहायक अभियंता समरेंद्र मालिक से वार्ता की।

स्पीड न्यूज

## बसरिया मे सड़क दुर्घटना से एक युवक की मौत, दूसरा घायल



**टंडवा(चतरा)।** कोयला वाहनों की तेज रफ्तार के कारण एक फोरव्हीलर ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आम्रपाली से ट्रांसपोर्टिंग कर रहे जय अम्बे रोड लाइन्स और आरकेटीसी के कोयला वाहन काफी तेज गति से चल रहे थे। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग कर रहे थे। स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल का जायजा लिया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। युवा समाजसेवी अनिल कुमार ने कहा कि दुर्घटनाओं से हो रही मौतों के लिए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं क्योंकि वे कोयला परिवहन कंपनियों के चंगुल में फंसे हुए हैं और नो एंट्री लगाने में देरी कर रहे हैं।

## टंडवा सराढू पंचायत के कनकट्टा गांव में पीने के पानी का संकट



**चतरा।** मगध कोल परियोजना के विस्थापित टंडवा सराढू पंचायत के कनकट्टा गांव के दलितों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उनके गांव का एकमात्र चापाकल खराब है और कुआं सूख गया है।सरकार द्वारा दिए गए चापाकल जनप्रतिनिधियों ने अपने करीबियों के घरों में लगवा दिए हैं। गांव के लोग नाले के दूषित पानी को पीने को मजबूर हैं, जहाँ से जानवर भी पानी पीते हैं। एनटीपीसी ने कोयला ढुलाई के लिए कन्वेयर बेल्ट बनाते समय गाँव में शिविर लगाया था, लेकिन किसी ने भी ग्रामीणों के लिए पानी की सुविधा के बारे में नहीं सोचा। ग्रामीण कैलाश मुंडा का कहना है कि नेता बड़े-बड़े वादे करके वोट लेते हैं, लेकिन जब सरकारी योजनाएँ आती हैं तो वे अपने घरों में सुविधाएँ लगवा लेते हैं। इस कारण गाँव में अब तक एक भी नया चापाकल नहीं लगा है।

## 63वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खेल का हुआ आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में मंगलवार को 63वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय कप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। अंडर 15 वर्ग के बालकों के बीच खेले गए फाइनल मैच में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण और उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी की टीमें आमने-सामने थीं।निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई, जिसके बाद मैच पेनाल्टी शूटआउट में चला गया। पेनाल्टी शूटआउट में भी दोनों टीमें 5-5 से बराबरी पर रहीं। इसके बाद तीन-तीन प्लांटी शूटआउट किए गए, जिसमें द्वारी की टीम ने 8-7 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रखंड के शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आज बालक और बालिका वर्ग के 17 वर्ष आयु वर्ग के मैच खेले जाएंगे।

## पत्थर माइंस में लगी आग के मामले में दिलीप सिंह गिरफ्तार



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के इचाक में संचालित राजश्री पत्थर माइंस में लगी आग के मामले में पुलिस ने दिलीप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दिलीप सिंह इचाक गांव का रहने वाला है और इस मामले में करीब 12 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

# संचालित योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं सशक्त हो : डॉ.नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में सोमवार को आयोजित नगर के महिलाओं के साथ विचार विमर्श एवं वाद संवाद का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव थी। वहीं मंच संचालन रंजीता सेठ ने किया। वहीं डॉ.नीरा यादव को प्रेरणा शाखा की महिलाओं ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं काली मंडा की अध्यक्ष सरोजनी सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने आशीर्वाद के रूप में विधायक को माता रानी का चुनरी ओढ़ाया। वहीं डॉ.नीरा यादव ने कहा कि हम सभी गौरवान्वित है क्योंकि कोडरमा लोकसभा में मतदान करने में पुरुषों से महिला अव्वल रहीं हैं। कोडरमा में नारियों के द्वारा विभिन्न प्रयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना, सामाजिक कार्यों में जागरूक रहना, अपने क्षेत्रों में अधिकतम वोट करना और झारखंड में सबसे अधिक अंतर के मत से अन्नपूर्णा देवी का जीत दर्ज कराना यह हरेक क्षेत्र में नारी शक्ति के उन्नति को दशार्ता है। कोडरमा में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी को देखते हुए केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व ने भी अपने मंत्री मंडल में महिला एवं बाल विकास विभाग का अहम विभाग कोडरमा सांसद को सौंपा। महिला खुद से कैसे सशक्त बने इसके लिए विधायक ने चल रही सरकारी योजनाओं के अतिरिक्त कई टिप्स दिये। वहीं उन्होंने कई योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार कर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। वहीं महिलाएं ने भी शहर के इर्द गिर्द के कई समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। जिसे विधायक ने हल करने का आश्वासन दिया। मौके पर सरोजिनी सिंह, माला दारूका, निशा भारद्वाज, सीमा बर्णवाल, सुनिता पांडे, जूही दास गुप्ता, ललिता भदानी, मधु सिंह, रंजु कुमारी, जयंती सिंह, श्रुति भदानी, सुनीति सेठ, सुनीता लाल, पूनम बर्णवाल, इंदु जायसवाल, अलका बडगवे, ममता बडगवे, नीलम महर्षि, नीलम भदानी समेत सैंकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

## जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने स्टेडियम निर्माण की मांग को लेकर उपायुक्त को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के इटखोरी में सुविधाजनक खेल मैदान की मांग को लेकर जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने उपायुक्त रमेश घोलप को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में इटखोरी प्रखंड के खिलाड़ियों के लिए इटखोरी प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल खेल के मैदान को डीएमएफटी मद से स्टेडियम के रूप में विकसित करने की मांग की है। जिप उपाध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से बताया कि इटखोरी प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल परिसर में खेल का मैदान है, जहाँ अक्सर क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों का आयोजन होता रहता है। लेकिन, खेल के उत्थान के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ नहीं होने के कारण प्रतिभाशाली बच्चे गाँवों में ही दबकर रह जाते हैं और अपनी प्रतिभा को निखार नहीं पाते हैं। बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए खेल का मैदान होना अत्यावश्यक है। इटखोरी के युवाओं ने अनुरोध किया है कि हाई स्कूल खेल के मैदान को भव्य स्टेडियम के रूप में विकसित करने हेतु उपायुक्त महोदय से अनुरोध किया जाए। उन्होंने डीसी रमेश घोलप से अनुरोध किया है कि डीएमएफटी मद से इटखोरी हाई स्कूल खेल के मैदान को भव्य स्टेडियम के रूप में बनाने की कृपा की जाए, ताकि वहाँ के प्रतिभाशाली युवा अपने क्षेत्र के साथ-साथ अपने देश का नाम रौशन कर सकें।

## अपने ही हाईवा की चपेट में आने से चालक की दर्दनाक मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मढूआटाड़ में एक दर्दनाक घटना घटी। जिसमें अपने ही वाहन की चपेट में आने से चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। यह हादसा मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे की बतायी गयी है। वहीं मृतक की पहचान 27 वर्षीय श्याम सुंदर यादव पिता छत्रु यादव मढुआटाड़ निवासी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्याम यादव अपनी हाईवा को घर के पास खड़ा किया। वह इस बात से अनभिज्ञ था कि उसने हाईवे को ढलान में खड़ा किया था, अचानक हाईवे को पीछे दुलता देख हाइवा को किसी तरह रोकने का प्रयास किया, मगर वह रोकने में सफल नहीं हो सका और पीछे बना चबूतरा में लगे पिलर बीच आकर हाईवा से दब गया। जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। इधर सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ड्रोज दिया। इधर घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं बताया जाता है कि मृतक की एक बच्ची है, जबकि उसकी पत्नी आठ माह की गर्भवती है।

## मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व माह में प्रतिवेदित एवं लंबित कांडों की समीक्षा की गई। वहीं सभी थाना क्षेत्रों में सघन गश्ती करने व विशेष सतर्कता बरतने, फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं हाल ही में रिहा हुए व अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने पुलिस सभा का आयोजन किया। जिसमें समस्याओं को सुना गया एवं उनके समाधान हेतु आदेश दिये।

## निर्जला एकादशी पर ओम संकीर्तन मंडल ने किया भक्ति जागरण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर की धार्मिक संगठन ओम संकीर्तन मंडल ने निर्जला एकादशी के अवसर पर भोलेनाथ की स्थली झारनाकुण्ड धाम में भक्ति जागरण का आयोजन किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने निर्जला एकादशी का व्रत रख झरना कुण्ड धाम में रात्रि जागरण कर भक्ति का अलख जगाया। वही ओम संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने भक्ति जागरण कर व्रतियों का उत्साह बढ़ाया। जागरण में मंडल के उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने बताया कि मंडल समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते रहती है। वहीं अध्यक्ष बीएनपी बर्णवाल ने कहा कि मंडल अपने स्थापना काल से ही एक से बढ़कर एक आयोजन करता है। यह आयोजन विशेष तौर पर निर्जला एकादशी पर अयोजित की गई है। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। जिसके के बाद भजनों का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। वहीं भजन गायक राकेश राजपूत ने राम सिया राम.... सत्येंद्र सिन्हा ने मोर भंगिया के मनाई द हो भोलेनाथ....देवानंद ने जनम-जनम का साथ है हमारा तुम्हारा... जैसे भजनों पर उपस्थित भक्तजनों को खूब झुमाया। वहीं गोपाल मिस्त्री, बीरेंद्र राम आदि ने भी भजन प्रस्तुत कर समा बांधा। मौके पर दिलीप यादव, महेश यादव, संजय तरवे, सुनील दास, गोपाल दास, श्याम सूंदर यादव, मकसूदन यादव, सिद्धि प्रसाद, विजय प्रसाद वर्मा, मिसर साव, आलोक कुमार सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे।

## श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया गया सम्मानित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड शिक्षा परियोजना शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत समाहरणालय सभागार में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपायुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप लोगों ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किये, उसी प्रकार से आगे भी बेहतर प्रदर्शन करें और अपने उज्जवल भविष्य बनायें, कड़ी मेहनत कर आप लोग अपने लक्ष्य को हासिल करें। वहीं उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान सवाल जवाब करने की जिज्ञासा रखें और किसी भी विषय में समस्या होने पर अध्यापक से पूछे, यह आपके लिए काफी मददगार होगा। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ विद्यालय में ऑनलाइन क्लासेस की व्यवस्था की गयी है, जिसमें विज्ञान संकाय के बच्चे पढ़ सकते हैं और प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी कर सकते हैं। नीट, जेईई-मेन की तैयारी कर सकते हैं। जिन विद्यालयों में क्लासेस चल रही हैं, उन विद्यालय के बच्चे नियमित रूप से ऑनलाइन क्लासेस करें। विषय की महत्ता को समझें और उसपर फोकस करें। उन्होंने सभी बच्चों के अभिभावकों से अपील कि बच्चे अपने भविष्य या केरियर के लिए कुछ करना चाहते हैं तो उनका साथ दे और उनका उज्जवल भविष्य संवारें।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में वन से 10 रैंक तक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें से मैट्रिक अर्थात वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में वन से 10 तक रैंक लाने वाले 17 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 अंतर्गत विज्ञान संकाय से 23, वाणिज्य संकाय से 11 और कला संकाय से 11 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीईओ अजय कुमार, एडीपीओ शिव मल्लिक समेत छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावक मौजूद थे।

# निधन के बाद पैतृक गांव पहुंचा सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर का पार्थिव शरीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत ग्राम भखरा निवासी सीताराम पासवान के 54 वर्षीय पुत्र सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर उमाचरण पासवान का निधन बीते 16 जून को इलाज के दौरान दिल्ली में हो गया। वे दिल्ली हरियाणा बॉर्डर में पदस्थापित थे। तीन माह पूर्व हुए किसान आंदोलन के धरना स्थल पर ड्यूटी के दौरान माथे पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे एवं बेहोशी हालत में उन्हें दिल्ली के वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज किया जा रहा था। करीब तीन माह तक जिंद्गी और मौत से जूझते रहे थे। आखिरकार बीते 16 जून को मौत के आगे हार गए। बताते चलें कि वे मई वर्ष 1988 में सीआरपीएफ कांस्टेबल के पद पर अपना योगदान मोकामा में दिए थे। वर्ष 2022 में पदोन्नति के बाद सब इंस्पेक्टर के रूप में प्रभार संभाला। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सुरक्षा में भी दो वर्ष तक सेवा दिये थे।



**निधन की सूचना मिलते ही मचा हाहाकार**

निधन की सूचना मिलते ही घर में मानो हाहाकार मच गया। अचानक रोने पीटने की आवाज सुन आसपास के लोग जब उनके घर की ओर भागे-भागे पहुंचे तो उन्हें यह मनहूस खबर मिली। इसके बाद तो उनके दरवाजे पर भीड़ का तातां लग गया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया एवं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

**राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग हुए शामिल**

सतगावां थाना से मंगलवार की अहले सुबह अंतिम यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सीआरपीएफ के पदाधिकारी मनोज सिंह थाना प्रभारी विजय गुप्ता, सीआईएसएफ के जवान व पुलिस बल शामिल हुए। इस दौरान युवाओं ने उमाचरण पासवान अमर रहे आदि नारे लगाते हुए यात्रा उनके पैतृक आवास भखरा पहुंची। जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शालिनी गुप्ता, नीतू कुमारी, मनोज कुमार निराला, जयशंकर प्रसाद, प्रदीप यादव, विनोद यादव, रामावतार चौधरी, नरेश यादव, श्रवण रविदास, मनोज भगत, धीरज सिंह, शिवबालक प्रसाद यादव समेत सैकड़ों युवा व ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

एक नजर में

## नगर पंचायत विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में किया पौधरोपण पखवाड़ा की शुरूआत



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय एवं वन विभाग के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर प्रशासक डोमचांच की अगुवाई में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर पौधरोपण पखवाड़ा की शुरूआत की गई। पहले दिन नगर पंचायत कार्यालय के समीप अवस्थित मैदान में अनुमंडल पदाधिकारी सह प्रशासक डोमचांच के द्वारा आम का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम शुरू किया गया है। 8 जून से 13 जून 2024 तक पौधा लगाने के लिए गड्ढे खोदे गए तथा 14 जून से 20 जून तक पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को भी पौधा वितरित कर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। नगर पंचायत डोमचांच में कार्यालय के समीप पक्षियों हेतु बर्ड फीडर भी अधिस्थापित किया गया है। प्रशासक सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नागरिकों से भी वृक्षारोपण करने की अपील की गई। साथ ही पर्यावरण पखवाड़ा अंतर्गत अंतर विद्यालय प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। मौके पर नगर प्रबंधक, वन विभाग के पदाधिकारी, कर्मी एवं नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## प्रतापपुर प्रखंड में बकरीद के दिन दो लोगों की हत्या



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भरही के निवासी आशिफ खान ने बकरीद की नमाज पढ़कर घर लौटने के बाद भरही निवासी जमाल खान को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद, उसने ग्राम रवदा निवासी द्वारिका राय और कृष्णा राय पर भी पत्थरों से हमला किया, जिससे द्वारिका राय की मौत हो गई और कृष्णा राय गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने दोनों शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

## उपायुक्त के समक्ष आमजनों ने लगाई न्याय की गुहार, समस्याओं से हुई अवगत



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। वहीं उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। वहीं जनता दरबार में मकान को कृषि भूमि दिखाकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने, गैरमजरूवा जमीन पर अतिक्रमण करने, बिना नक्शा के मकान बनाने, जबरन कमरे का ताला बंद किये गये ताले को खुलवाने, जमीन का बंटवारा कर देने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये।

## कस्तूरबा गांधी व झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर बैठक संपन्न



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर बैठक संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदन और नामांकन हेतु फाइनल लिस्ट हुए बच्चियों की सूची का अवलोकन किया। वहीं उपायुक्त ने प्राथमिकता सूची तैयार करने का निर्देश दिये और कहा कि जिन बच्चियों का नाम नामांकन हेतु फाइनल हुए हैं, उनका नामांकन कर लें। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी वार्डेन, सांसद प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाज सेवी का आकस्मिक निधन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाज सेवी उत्तम दास पाल के आकस्मिक निधन पर जिले में शोक की लहर है। ज्ञात हो कि सोमवार की रात्रि वह अकेले घर पर थे। जहां गिरने से सर पर एवं नाक पर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण दासपाल का दुखद निधन हो गया। वहीं श्री दासपाल के निधन पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र जायसवाल, अनवारूल हक, झामुमो नेता श्यामदेव यादव, दीपक विश्वकर्मा, माले नेता संदीप कुमार, असीम सरकार, विजय पासवान, विनोद विश्वकर्मा, गणेश स्वर्णकार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, उमेश साव, समाजसेवी प्रेम पांडेय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, संजय डब्लू, विपिन सिंन्हा, सहूद खान, प्रभात कुमार राम, खेल प्रेमी सूरज कुमार, आशीष पांडे, अरविंद सेठ, विकास सिंहा, समाजसेवी अनूप सरकार, निवर्तमान पार्षद अनुराग सिंह मुन्ना, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अरशद खान, छवि विश्वास, नंद कुमार राय, अशोक सिंह, रामानंद यादव, प्रकाश यादव, मोनू यादव, राजीव रंजन शुक्ला, संजय सेठ, अरुण यादव, नवनीत ओझा, संजय शर्मा सहित नगर के सम्मानित जनों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि श्री दासपाल कांग्रेस के पूर्व युवा अध्यक्ष सहित कई पदों पर कांग्रेस पार्टी की निस्वार्थ सेवा किया है, जबकि बेलाटांड़ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, नेताजी जन्मोत्सव समिति के कोषाध्यक्ष, बंगाली समाज के पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रिंस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहकर समाज सेवा से जुड़े रहे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने श्री दसपाल के निधन पर कांग्रेस सहित कोडरमा जिला के लिए आपूर्णीय क्षति बताया है।

## टंडवा में अवैध बालू खनन का खुलासा, जांच एजेंसियों द्वारा जांच की मांग

चतरा। टंडवा में बालू माफियाओं के सरगना ईश्वर ने अवैध बालू एनटीपीसी अधीनस्थ कंपनियों में आपूर्ति कर करोड़ों रुपये का भुगतान लिया है। जांच एजेंसियों द्वारा जांच की मांग उठी है कि बिना बालू घाट के टेंडर के इतनी बड़ी मात्रा में बालू की तस्करी कैसे हो रही है। बालू सरगनाओं के नाम प्रकाशित होने के बाद ईश्वर का नाम सामने आया है। कंपनियों के कर्मचारी ईश्वर से क्यों मिल रहे हैं, यह भी जांच का विषय है। ईश्वर ने करोड़ों रुपये के राजस्व का सरकार को चुना लगाया है। सिंघानी कंपनी का रविन्द्र तस्करों को संरक्षण दे रहा है। सिंघानी कंपनी में बालू सप्लायर कर रहे 4 युवक नेताओं, अफसरों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों को मैनेज करने के नाम पर 4 रुपये प्रति सीएफटी लेते हैं।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने किया मुख्य बाजार के समीप ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** पांकी मुख्य बाजार के समीप विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने फीता काटकर किया। पांकी बाजार क्षेत्र वासियों की मांग पर विधायक ने तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाते हुए साथ ही विवादित भूमि के मामले को कुशलता पूर्वक प्रशासन की देखरेख में सुलझाने के बाद सोमवार की संध्या ट्रांसफार्मर लगवाकर उसका विधिवत उद्घाटन हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया। इस दौरान पूरे बाजार क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विधायक का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

### पदाधिकारी की लापरवाही से पलामू में हो रही बिजली की समस्या: बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में बिजली विभाग के जीएम को पलामू की बिजली की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। श्री पाठक ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार है और झारखंड सरकार की प्राथमिकता है निर्बाध बिजली की व्यवस्था लोगों को मिले। मगर पलामू जिला में पदाधिकारी की लापरवाही से लोगों को इस भीषण गर्मी में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से आम लोग परेशान हैं जो बहुत दुखद है। पदाधिकारी अपनी हरकत से बाज आयें नहीं तो जनता उनके खिलाफ आंदोलन को बाध्य होगी। एक दिन में 8 से 10 बार बिजली गुल होना आम बात है। ज्ञापन के माध्यम से जीएम को 10 सूत्री मांगों पर ध्यान आकर्षित कराया गया। मौके पर प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडे, मिथिलेश सिंह, गिरजा राम, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, सौरव पांडे, संतोष गुप्ता, अनिल सिंह, सुरेंद्र सिंह, खुर्शीद आलम उपस्थित थे।

### वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने की समीक्षा बैठक



**उंटारी (पलामू)।** विश्रामपुर विस क्षेत्र के उंटारी रोड प्रखंड के सिरहा गांव में उंटारी रोड के जिला पार्षद अरविंद सिंह सह भाजपा नेता के आवास पर भाजपा के प्रखंड, स्तरीय नेता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक बुलायी गयी थी। जिसकी अध्यक्षता अलखनाथ पाण्डेय ने की। वहीं मंच का संचालन भाजपा नेता वेद प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा नेता सी एस दुबे, विश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास उपस्थित थे। नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक जीत बताते हुए कार्यकर्ताओं को शुभकामना दी। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर गहन चिंतन मंथन करते हुए बारी–बारी से कार्यकर्ताओ की समस्या से अवगत होते हुए राय मांगी। कार्यक्रम में सुनील सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, बिनोद तिवारी, सुनील पांडेय, राजेन्द्र विश्वकर्मा, उपेंद्र मेहता, योगी सिंह, ओमप्रकाश मेहता, ददन सिंह, अश्वनी सिंह, रवीन्द्रनाथ उपाध्याय, पुष्प रंजन, भरत दीक्षित, अखिलेश दीक्षित, सतोष पांडेय, अखिलेश विश्वकर्मा, बासुदेव मेहता, पंकज केशरी आदि उपस्थित थे।

### चिनीगिया आहर भरकर आबादगंज को ड्राइजोन बनाने का दु:साहस : आशीष



**मेदिनीनगर।** आबादगंज क्षेत्र मेदिनीनगर शहर का सबसे पुराना ड्राइजोन एरिया है। यहां का सबसे पुराना जलश्रोत चिनीगिया आहर के अस्तित्व को खत्म कर दिया गया। अपने निजी स्वार्थ हेतु इस आहर को भरकर शहर के सबसे पुराने मोहल्ले को प्यासा रहने पर मजबूर कर दिया गया है। लगभग कई घर के लोग शहर छोड़कर अपने गांव पलायन कर गये है और अगर यही दशा रहा तो वह दिन दूर नहीं कि पूरा मोहल्ला पलायन करने को मजबूर हो जायेगा। आबादगंज के इस पुराने तालाब को फिर से पुनर्जीवित करने की जरुरत है। यह क्षेत्र पेयजल संकट के कारण ड्राईजोन के रुप में जाना जाता है और ऐसे क्षेत्र में तालाब का अतिक्रमण क्षेत्र वासियों के साथ अन्याय है। उक्त बातें आशीष भारद्वाज ने पानी यात्रा के सातवें दिन युवाओं की टोली के सासथ आबादगंज क्षेत्र का भ्रमण करने के दौरान कही। यात्रा में मुकेश तिवारी, रवि शर्मा, शैलेश तिवारी, बबलू चावला, साहेब जी नामधारी, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, बीजू मिश्रा राजन पंडित, मुन्ना दुबे, ज्ञानेश तिवारी, संजीत पांडेय, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, संजीत तिवारी, शशांक सुमन भी थे।

### जल संकट का स्थायी समाधान है सामूहिक चेतना : केडी ओझा

**मेदिनीनगर।** पलामू 40 वर्षों से जल संकट की मार झेल रहा है। मंडल डैम बनाने की योजना 40 वर्षों से खटाई में पड़ी हुई है। सरकारी तंत्र में ऐसा षडयंत्र रचा कि वह डैम आज भी अधूरा है। पलामू में जल संकट का दोषी सरकारी तंत्र है। साथ ही हम भी कम दोषी नहीं है। वही लोग जंगल भी काट रहे हैं। जंगल की कटाई जल संकट का महत्वपूर्ण कारण है। आज एक भी जगह ऐसा नहीं बचा है जहां पानी ठहराव हो। इसके लिए निगम सबसे बड़ा दोषी है। सामूहिक चेतना के विकास से ही जल संकट को दूर किया जा सकता है। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 44वीं कड़ी में आयोजित जल संकट : चिंता और समाधान विषय पर बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकर्मी केडी ओझा ने कही। परिचर्चा इप्टा पलामू के अध्यक्ष वरिष्ठ कलाकार प्रेम भसीन एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए प्रेम भसीन ने वक्ताओं से आग्रह किया कि संकट हम झेल रहे हैं समाधान पर ज्यादा बात करें।

# जय झारखंड, जोहार झारखंड से गूंजा हुसैनाबाद टाउन हॉल

- जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह टाऊन हॉल में अपने हजारों समर्थकों के साथ झामुमो का थामा दामन
- आलोक सिंह जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान होता रहा समारोह स्थल

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** झामुमो के मिलन समारोह में उमड़ी भीड़ कार्यक्रम स्थल छोटा पड़ा। मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमण्डल के टाउन हॉल में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी व गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू एवं राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री मिथिलेश ठाकुर हेलीकॉप्टर से हुसैनाबाद पंहुचे। जहां शहर के टाउन हॉल में जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह समेत, भाजपा राजद, एनसीपी, बीएसपी के कई बड़े नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिद्धांतों को अपनाते हुए पार्टी की सदस्यता लिया, आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू अपने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया, मौके पर झारखण्ड की आयरन लेडी कही जाने वाली नेत्री व गांडेय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन मुर्मू व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह को झामुमों का तीर धनुष निशान की अंगवस्त्र देकर पार्टी की सदस्यता करवाई। जेएमएम की नेता कल्पना सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी को झारखंड पसंद नहीं है और प्रदेश के लोगों को नापसंद करती है। उन्हें यह पसंद नहीं है कि झारखंड के लोग आत्म सम्मान के साथ उनसे आंख में आंख मिलाकर बात करें। उन्होंने दावा किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि झारखंड से कोई भी छात्र पढ़ाई के लिए विदेश जायें। कल्पना सोरेने ने लोगों से झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को मजबूत बनाने के लिये आगामी विधानसभा चुनाव में लोगों से इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का आग्रह किया ताकि झारखंड उसी तरह प्रगति कर सके जिस तरह से वह अभी बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से हांथ उठवा कर कर कहा कि आप लोग वादा कीजिये कि झारखंड लड़ाई में आप लोग साथ देंगे।

## जनता भाजपा को झारखंड से खदेड़ेगी : कल्पना सोरेन





### विभिन्न दलों के करीब 750 लोग हुए झामुमो में शामिल

पलामू के हुसैनाबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा का मिलन समारोह आयोजित हुआ। मिलन समारोह में हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री मिथलेश ठाकुर ने पलामू के जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह के साथ 750 लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सदस्यता दिलाई। राजद से प्रदेश महासचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, पूर्व जिला परिषद प्रत्यासी एवं राजद नेता अनिल चन्द्रवंशी एनसीपी से सुनील कुमार सिंह, वहाब साहब अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ हुसैनाबाद जफर हवारी पूर्व पंचायत समिति सदस्य हैदरनगर, राजी अहमद उर्फ राजू खान एनसीपी नेता हैदरनगर, भरदुल पासवान मोहम्मद गंज बसपा से अनिल राम वार्ड सदस्य एवं भाजपा समेत कुल 750 लोग झामुमो में शामिल हुए।

**झामुमो जिला व कमेटी के ये नेता रहे मौजूद :** मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, झामुमो के वरीय नेता अविनाश देव, जिला सचिव शन्नू सिद्दीकी, जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, मुन्ना सिंह, मनोज गुप्ता, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, वीरेंद्र पासवान, चंदन सिंह, शमी शुक्ला, झामुमो की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, वशिष्ठ कुमार सिंह, नेहाल असगर राजेश सिंह, सुरेंद्र साहनी, अशोक सिंह, मिंटू सिंह, रामप्रवेश सिंह सहित दर्जनों मंच पर उपस्थित थे।

## झामुमो के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायेंगे : आलोक सिंह



आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू ने कहा कि हुसैनाबाद की जनता का शुक्रगुजार हूं क्योंकि मेरे एक हुंकार भरने मात्र से इस तपती धूप व प्रचंड गर्मी में मेरे अभिभावक तुल्य जनता व भारी संख्या में माताएं अपने बेटा को आशीर्वाद देने इस टाउन हॉल में पंहुचे। हुसैनाबाद की जनता हमसे बेहद प्यार करती है। हम जानते हैं समस्याओं का अंबार हुसैनाबाद विधानसभा स्तर पर है, जिसके लिए लंबी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। अभी तो मैं राजनीति में केवल कदम रखा हूं। झामुमो की विचारधारा और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायेंगे। झामुमो के संघर्ष की उपज झारखंड है। आगे जब जनता की बड़ी लड़ाई होगी तो सब पस्त हो जायेंगे। उन्होंने झामुमो को राज्य हित व माटी की पार्टी बताया। कहा कि राज्य की दशा व दिशा राज्य के आंदोलन की बुनियाद पर बनी पार्टी ही कर सकती। भाजपा कॉरपोरेट व लूट खसोट की समूह वाली राजनीतिक पार्टी है।

**झारखंड की अस्मिता को समाप्त करने में लगी है भाजपा : मिथिलेश**

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा झारखंड व झारखंडियों की अस्मिता को खत्म कर देना चाहती है। राज्य स्थापना के बाद पहली बार राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनी। जिसके बाद राज्य हित में दर्जनो बड़े निर्णय लिये गये। जिससे भाजपा की राजनीतिक जमीन खिसक गयी थी। भाजपा घबरा कर हमारे नेता को साजिश के तहत जेल भेज दी है। हम लोगों ने जनहित से जुड़े सारे कार्य किये। झारखंड के लोगों को लाभ दिया। हम लोगों ने सभी जनहित से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारा। हमलोगों की सरकार ने राज्य में लोगों को राशन, धोती-साड़ी योजना, मुफ्त बिजली योजना, सावित्री फुले बाई योजना सहित अनगिनत योजनाएं देकर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है।

# गंभीर बिजली समस्या से त्रस्त ढेला के ग्रामीणों ने विधायक से लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ढेला गांव में बीते एक माह से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बिजली समस्या से त्रस्त ग्रामीण समस्या समाधान के लिए मंगलवार को पांकी विधानसभा डॉक्टर कुशवाहा शशिभूषण मेहता से गुहार लगाई। ग्रामीणों ने 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग पत्र विधायक को सौंपा। इस दौरान मुखिया पति वीरेंद्र कुमार ने विधायक को बताया कि एक महीने से ढेला गांव बिजली समस्या से जूझ रहा है। बिजली रहते हुए भी लो-वोल्टेज के कारण ढिबरी जी रहे हैं। पंखा कूलर और मोटर चलना तो दूर मोबाइल चार्ज करना भी दुबार हो गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर के लिए पोल खड़ा किया गया है। परंतु कनीय अभियंता के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वहां 100 केविए का ट्रांसफार्मर लगाने की बात हो रही है। जिस पर 200 से ऊपर घर का कनेक्शन का लोड है।



200 केवीए ट्रांसफार्मर के लिए पांकी विधायक डॉक्टर मेहता को मांग पत्र देते ढेला गांव के लोग।

**क्या कहते हैं लोग :** लोगों ने बताया कि 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने से समस्या बना रह जायेगा। वहां 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया जाए। ग्रामीणों के मांग पर मौके पर विधायक ने विद्युत विभाग के जीएम से दूरभाष पर बात की। उन्होंने ढेला के ग्रामीणों की समस्या को अवगत कराते हुए 100 केवीए के जगह पर 200 केवीए ट्रांसफार्मर लगवाने को कहा। जिस पर जीएम ने विधायक को अस्वस्थ किया कि ढेला में 200 केवीए का ही ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इस दौरान विधायक के द्वारा कनिय अभियंता को भी दूरभाष पर ढेला गांव में 200 केवीए ट्रांसफार्मर से जुड़े रिपोर्ट आगे बढ़ाने को कहा। कहा कि बिजली समस्या को लेकर ग्रामीण काफी कष्ट में है। जितना जल्द हो सके नया ट्रांसफार्मर लगाकर ग्रामीणों का समस्या का समाधान करें। मौके पर संजीव श्रीवास्तव, चंद्रधान साव सोनी, रितेश कुमार, भोला गुप्ता, राजू कुमार, चिकू कुमार, हैदरअली, मुतुर्जा समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## संगठन के अंदर बनेगा बेहतर माहौल बनेगी भाजपा की सरकार: ज्योतिरीश्वर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची /मेदिनीनगर।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड भाजपा का चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किए जाने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुये दोनो नेताओं को बधाई दी है। श्री सिंह कहा कि प्रभारी और सह प्रभारी दोनो अनुभव संपन्न होने के साथ सांगठनिक से लेकर प्रशासनिक कार्यों के नेतृत्व की अदभूत क्षमता है, इसलिए आशा ही नहीं बल्कि यह पूर्ण विश्वास है कि मौजूदा दौर में झारखंड में संगठन के अंदर कुछ लोगो ने मिल कर समर्पित और निष्ठावन कार्यकताओं को उपेक्षित रखने का जो वातावरण बनाया है उस पर पूर्णतः विराम लगेगा। साथ ही संगठन के अंदर एक सकारात्मक माहौल तैयार होगा।



ज्योतिरीश्वर सिंह, भाजपा नेता।

झारखंड में एक बार फिर भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी । पार्टी के इस निर्णय से पार्टी के तमाम लोगों में उत्साह का संचार हुआ है। झारखंड भाजपा का परंपरागत गढ़ है और यहां पार्टी का परचम लहरायेगा यह पार्टी के इस निर्णय से तय हो चुका है।

## शब्दों में विष घोलना अच्छे समाज के लिए बहुत ही घातक : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच पर सूचना भवन सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर।** इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच पर मंगलवार को सूचना भवन के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के उपायुक्त शशि रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार व जिले के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का उदघाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने इतने अच्छे व गंभीर विषय पर कार्यशाला का आयोजन करने को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह विषय इतना महत्वपूर्ण है कि इस विषय के बारे में बच्चों को अवगत कराना बेहद आवश्यक है।



## जनसमस्या को लेकर भाजपा की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पलामू में पानी एवं बिजली की घोर संकट को लेकर 22 जून को भाजपा जिला आयुक्त कार्यालय के समक्ष करेगी आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** बिजली-पानी के मुद्दे को लेकर भाजपा 22 जून शनिवार को आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेगी। इसमें सांसद समेत सभी विधायक शामिल होंगे। इसे लेकर जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे ने किया। बैठक में प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार हुई। जिसमें प्रदर्शन को मेदिनीनगर काली मंदिर के सामने एरिगेसन ऑफिस के मैदान से सुबह 10 बजे शुरू करने का निर्णय लिया गया, जो रेड़मा चौक होते हुए ओवर ब्रिज के रास्ते कचहरी चौक होकर जिला आयुक्त कार्यालय तक जाएगी जहां कार्यालय का घेराव एवं आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली और पानी की घोर कमी से पलामू की जनता त्राहिमाम कर रही है जनता त्रस्त है और सरकार मस्त है सरकार के पदाधिकारी बेलगाम हो चुके है प्रशासन बालू लगी ट्रैक्टरों से वसूली में लगी है।



### मुर्गी फार्म में लगी आग से ढाई लाख का नुकसान



**उंटारी रोड पलामू।** थाना क्षेत्र के सीड़हा गांव मे भुक्तभोगी अनिल सिंह के मुर्गी फार्म मे सोमवार की रात अचानक आग लगने से करीब ग्यारह सौ मुर्गी का बच्चा जलकर राख हो गये। सभी मुर्गी के बच्चे 500 ग्राम से ऊपर के थे। भुक्तभोगी अनिल सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम मुर्गी फार्म में खाना देकर घर चले गये। एक घंटे बाद पता चला कि मुर्गी फार्म में आग लग गयी है। आसपास के लोग इकट्ठा होकर आग बुझाने का प्रयास किये, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि झोपड़ीनुमा मुर्गी फार्म जलकर राख हो गया। घटना के बाद उंटारीरोड पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। वहीं अनिल सिंह ने प्रखंड के सीओ सह बीडीओ आशा साहू को दूरभाष पर सूचना देते हुए मुआवजा दिलाने की बात कही।

### मजदूर नेता राकेश ने सांसद चिराग को दी बधाई



**मेदिनीनगर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह ने नवनिर्वाचित सांसद चिराग पासवान को तीसरी बार मोदी सरकार के कैबिनेट में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री भारत सरकार बनाये जाने पर नई दिल्ली आवास पर मुलाकात कर हृदय तल से बधाई दी। राकेश ने कहा कि चिराग पासवान भारत के युवाओं के आईकॉन एवं हृदय सम्राट के रूप में उभर कर देश के सामने आये हैं। इनके आने से झारखंड प्रदेश अंतर्गत पलामू सहित पूरे भारत में फूड प्रोसेसिंग उद्योग के जरिए युवाओं के रोजगार से जोड़ने हेतु काफी बल मिलेगा।

## ईंट व्यवसायी की डिक्की से 55 हजार नगद समेत चेकबुक और अन्य कागजात की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के पड़वा वनांचल ग्रामीण बैंक, दो ज्वेलरी दुकान एवं एक घर हुई चोरी की घटनाओं का उद्भेदन भी नहीं हुआ। इसी बीच चोरों ने पड़वा थाना से सटे वनांचल ग्रामीण बैंक परिसर में ईंट व्यवसायी धर्मेंद्र मिश्रा की खड़ी बाइक की डिक्की तोड़ चोरों ने 55 हजार नगद एवं चेकबुक आदि कागजात की चोरी कर ली। श्री मिश्रा ने बताया कि आज भट्ठा पर साप्ताहिक मजदूरी बंटता है। मजदूरी भुगतान करने के लिए पड़वा एसबीआई से 55 हजार निकाल कर पड़वा थाना से सटे स्थित वनांचल ग्रामीण बैंक में चेक जमा करने गये थे। निकले तो देखा कि डिक्की का ताला टूटा हुआ है।



पैसे लेकर भागते अपराधी।

### अभियुक्त के घर की गयी कुर्की-जब्ती

**पाटन पलामू।** थाना कांड सं. 114/22 में फरार प्राथमिक अभियुक्त अमित महतो पिता सभापति महतो कांके कला थाना पाटन के घर में विधिवत कुर्की जब्ती की गयी।

### 200 यूनिट बिजली फ्री पर दी बधाई

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री सह डाल्टनगंज के पूर्व विधायक के एन त्रिपाठी ने चंपई सरकार के 125 यूनिट बिजली फ्री देने के बाद अब 200 यूनिट बिजली फ्री देने की दिशा में कार्य करने को लेकर इंडिया गठबंधन की ओर से बधाई दी है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विक्षिप्त महिला की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सुलतानी गांव के समीप एनएच 139 के फ्लाई ओवर पर अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से एक महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना सोमवार रात करीब नौ बजे की है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के जिला अध्यक्ष सुजित कुमार सिंह ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी।वह आस पास के क्षेत्र में भटकते रहती थी। जो अज्ञात वाहन की चपेट में आ गयी। उधर पिपरा पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दी है। मृतका की पहचान करने का प्रयास कर रही है। मालूम हो कि पिछले दिनों में एनएच 139 पर दुर्घटना में वृद्धि हुई है। जबकि सरकार तथा विभाग द्वारा समय-समय पर यातायात सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है।



### जनता के आग्रह पर लड़ेंगे आगामी विधानसभा चुनाव : दिलीप सिंह नामधारी



**मेदिनीनगर।** 2019 विधानसभा चुनाव कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं वरिष्ठ साथियों के पुरजोर आग्रह के बावजूद स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। इस निर्णय से कार्यकर्ता काफी निराश थे। डालटनगंज चैनपुर व भंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता के आग्रह पर इस बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उक्त बातें युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने कही। कहा कि गत दिन मेरा स्वास्थ्य बिल्कुल ही खराब था। परंतु आप सबकी दुआ, आशीर्वाद और दवा ने काम किया और आज मैं आप सबके बीच में हूं। आप सब क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से मैं आप लोगों के बीच बिल्कुल स्वस्थ होकर आया हूं। इस बार आप सबका आग्रह को स्वीकारते हुए 4 महीने के बाद संभावित चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

# पाटन प्रखंड क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत

- जलाशय सूखने से पानी के लिए गांव पहुंच रहे हैं जंगली जानवर
- भीषण गर्मी में घंटों लाईन लगाकर पानी के लिए इंतजार करते है ग्रामीण

**मनीष दुबे**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में इस भीषण गर्मी में पानी की भारी किल्लत हो गई है। लोग जहां एक ओर गर्मी से परेशान हैं तो दूसरी ओर पानी के लिए तरस रहे हैं। पुरे पाटन क्षेत्र में पानी की कमी हो गयी। पाटन के विभिन्न जलाशयों एवं डैम के सुख जाने से जंगली जानवर भी पानी के लिए गांव में पहुंच रहे हैं लेकिन गांव में भी पानी नहीं मिल रहा है जिससे इधर उधर भटकते नजर आ रहे हैं। वहीं पाटन के विभिन्न गांवों में पीएचडी विभाग के द्वारा जलमीनार खराब हो गये है जिससे पानी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस पर विभाग का कोई ध्यान नहीं है। पाटन प्रखंड के उताकी में पीएचडी विभाग से लाखों रुपये की लागत से चार जलमीनार लगाये गये थे जो सभी खराब पड़े हैं जिससे उस गांव के लोगों के सामने पानी की भारी किल्लत हो गई है। वहीं पाटन प्रखंड के सधपुर ग्राम में पानी की भारी समस्या है गांव में एक भी चापानल तथा कुआं नहीं है। वहां गांव से एक किलोमीटर दूर दोहर से पाइप लाइन के द्वारा गांव में पानी आता है जिससे लोग पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं। वहीं इस भीषण गर्मी में सधपुर ग्राम के लोग घंटों लाइन में खड़े होकर पाइपलाइन के द्वारा पानी लेने को विवश हैं।





# विश्रामपुर प्रखंड के केतात कला पंचायत में अनियमितता का भेंट चढ़ा जल नल योजना

- स्थल चयन में भी गड़बड़ी, पाइप और मोटर भी गुणवत्ताहीन, कराड़ों खर्च के बावजूद लोग प्यासे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के केतात कला पंचायत में अति महत्वाकांक्षी योजना जल नल संवेदक की लापरवाही के कारण अनियमितता की भेंट चढ़ गया। संवेदक के द्वारा सारे नियम कानून को धता बताकर कार्य किया जा रहा है। सप्लाई के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन और बोरिंग के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ किसी भी प्रकार का संबंध में स्थापित नहीं किया गया। संवेदक के द्वारा जैसे तैसे कार्य को गति दी गयी।



केतात गांव में लगी जलमीनार।

संवेदक ने मनमानी तरीके से स्थल चयन कर बोरिंग भी महज 200 फीट तक अधिकतर जगह किया। कहीं-कहीं दबाव बनाने पर 300 फीट तक बोरिंग हुआ। पंसस रीना चौबे और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन चौबे ने कहा कि 6 -6 घरों के बीच में दो-दो जल मीनार लगायी गयी है। कहीं 20 से 25 घरों के बीच में भी जल मीनार नहीं लगी है। जल मीनार में लगाये जा रहे पाइप और मोटर भी घटिया गुणवत्ता वाले हैं। लगते ही पाइप फट जा रहा है। गांव में कई जगह पुराने बोर में जल मीनार लगा दी गयी है। ऐसे में पुराने बोर से जल 20 से 25 घरों में कैसे जा पायेगा। जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर दिखाया जा रहा है कि जल 447 घरों में पहुंचा दिया गया है, लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है। संवेदक की लापरवाही के कारण जल नल योजना अनियमितता की भेंट चढ़ गयी। जिसके कारण करोड़ों खर्च के बावजूद पंचायत के लोग प्यासे रह गये।

